हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 28 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 38.8°C
न्यूनतम 25.0°C

11 सुदीप ने जूडो चैंपियनशिप में पदक जीता


12 पोर्टल पर 31 तक विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करें


## खबर संक्षेप

### एक माह से लापता युवक का सुराग नहीं

**गन्नौर।** शहर में किराए के मकान में रहने वाला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पत्नी ने गन्नौर थाना में शिकायत देकर पति की तलाश कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ममता निवासी बहता, जिला गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश), हाल किरायेदार राजेंद्र लाठर, गांव गन्नौर ने बताया कि वह करीब एक माह पहले इलाज कराने के लिए अपने मायके दिल्ली गई थी। इस दौरान उसका पति मोहित कुमार (29) गन्नौर में ही रह रहा था। उसने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। जब वह वापस गन्नौर लौटी तो पति घर पर नहीं मिला। उसने रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### रॉड और डंडों से हमला करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुणाल उर्फ टुंडा पुत्र सुरेश और अमित उर्फ भोलू पुत्र सतपाल, निवासी गांव तिहाड़ कलां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 9 जून को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके पति तुलसीराम को महलाना गांव के पास रास्ता रोककर मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ भी मारपीट और तोड़फोड़ की थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। थाना सदर की जांच टीम ने पहले जयदीप को गिरफ्तार किया था। अब दोनों अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### निर्माणाधीन फैक्ट्री के बाहर से बाइक चोरी

**गन्नौर।** एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन फैक्ट्री के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजघर अहिरवार निवासी गांव नंगली पूना, वर्तमान निवासी राजलू गढ़ी स्थित आईटीआई के निकट ने बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल शीशा फैक्ट्री के पास निर्माणाधीन फैक्ट्री के बाहर खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वच्छता अभियान के तुरंत बाद निगम का एक्शन, 60 जगहों से हटाए अवैध कब्जे

## गोहाना रोड पर अस्थायी ढांचे, स्टॉल और फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया, घेवर की स्टॉल भी करवाई ध्वस्त

अधिकारी बोले- फुटपाथों पर कब्जे से लोगों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

स्वच्छता अभियान के बाद नगर निगम ने सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। निगम की टीम ने गोहाना रोड पर करीब 60 स्थानों से फुटपाथ और निगम की जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान अस्थायी ढांचे, स्टॉल और फुटपाथ पर रखा सामान हटाया गया। गोहाना रोड पर घेवर बेचने के लिए बनाई गई अस्थायी स्टॉल को भी निगम की टीम ने मौके पर ध्वस्त करवा दिया। इससे पहले मेयर राजीव जैन, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ सहित निगम अधिकारियों ने गोहाना रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया था। इस दौरान लोगों को शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा नहीं डालने और स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया था। स्वच्छता अभियान समाप्त होने के बाद अधिकारियों ने सड़क किनारे और फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर स्थिति का जायजा लिया और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कार्रवाई शुरू की। नगर निगम की टीम ने गोहाना रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद हनुमान मंदिर, गढ़ी ब्राह्मणान से होते हुए महलाना रोड स्थित पार्क तक कार्रवाई जारी रखी गई। अभियान के दौरान कई अस्थायी ढांचों, दुकानों के बाहर रखे सामान, स्टॉल और फुटपाथ पर किए गए कब्जों को हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों और फुटपाथों पर कब्जे होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने संबंधित लोगों को भविष्य में फुटपाथों पर सामान नहीं रखने और दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। सुबह का समय होने के कारण बाजार क्षेत्र में भीड़ कम थी, जिसके चलते अभियान शांतिपूर्ण तरीके से पूरा हो गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान निगम के एसडीओ मंजीत दहिया, एसडीओ देवेंद्र खासा, जेई सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। निगम अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर शहर को स्वच्छ बनाए।





### विरोध:कब्जाधारी बोले- पहले नोटिस देना चाहिए था

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान आसपास मौजूद कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए कहा कि कार्रवाई से पहले उन्हें नोटिस दिया जाना चाहिए था। वहीं नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निगम की जमीन और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए नोटिस देना अनिवार्य नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना निगम की जिम्मेदारी है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएंगे

नगर निगम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इसी सोच के साथ स्वच्छता अभियान के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लोगों से अपील है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं।
**-राजीव जैन**, मेयर, सोनीपत

### अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं

नगर निगम की जमीन और फुटपाथों पर होने वाले अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर में लगातार अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सार्वजनिक स्थानों को कब्जामुक्त रखा जा सके।
**-हर्षित कुमार**, आयुक्त, नगर निगम

# बच्ची से अनैतिक कृत्य करने वाले को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



■ 52 हजार रुपये जुर्माना लगाया, जुर्माना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश

गोहाना क्षेत्र में पड़ोस की छह साल की बच्ची के साथ अनैतिक कृत्य करने के दोषी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं। मामला अप्रैल 2025 का है। गोहाना निवासी व्यक्ति ने 4 अप्रैल 2025 को शहर थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उनकी छह साल की बेटी गली में दोस्तों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति बच्ची को अपने घर ले गया था। आरोप था कि वहां उसने बच्ची के साथ अनैतिक कृत्य किया और गलत काम करने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ने बच्ची को धमकी देकर गली में छोड़ दिया था। बच्ची ने घर पहुंचकर अपनी मां को पूरी घटना के बारे में बताया। इसके बाद उसकी तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को 6 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के दौरान बच्ची की काउंसलिंग कराई गई और मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके बयान दर्ज करवाए गए। पुलिस ने मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाकर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी।

# फरार आरोपी अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार

**गन्नौर।** पुलिस ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक फरार आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एएसआई के नेतृत्व में पुलिस टीम नमस्ते चौक क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक मामले में फरार चल रहा गांव गुमड़ निवासी मोहित पुत्र महेंद्र गन्नौर-खुबड़ू रोड पर ड्रेन पुलिया के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया और भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे घेरकर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की जींस की जेब से 32 बोर का अवैध देसी पिस्तौल और उसकी मैगजीन में एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीन भाई बहनों को कुचला, किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



■ सड़क किनारे खड़े बच्चों को मारी टक्कर, दो घायल

खानपुर कलां-शामड़ी मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके छोटे भाई और बहन घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शामली जिले के मनसूरा गांव निवासी याकूब वर्तमान में शामड़ी गांव स्थित गंगा लेयर फार्म में परिवार के साथ रहते हैं।

### पिता की शिकायत पर केस

उन्होंने बरोदा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार शाम वह अपने तीन बच्चों मोहम्मद नवीद (15), मोहम्मद नवीश (12) और नाबिया (6) के साथ बाइक से खानपुर कलां गए थे। लौटते समय रजबहा के पास उन्होंने लघुशंका के लिए बाइक सड़क किनारे खड़ी की और खेत की ओर चले गए। इस दौरान तीनों बच्चे बाइक के पास खड़े थे। इसी बीच शामड़ी की ओर से तेज गति से आई सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने पहले बाइक और फिर तीनों बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया

राहगीरों की मदद से उन्हें महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद नवीद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मोहम्मद नवीश और नाबिया को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर वाहन व चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देव नगर में घर में घुसकर परिवार पर हमला, 4 घायल

**सोनीपत।** ककरोई रोड स्थित देव नगर में घर में घुसकर एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमले में महिला, उसके पति, बेटे और बहू के घायल होने की बात सामने आई है। घायल दंपती को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। देव नगर निवासी उर्मिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जुलाई की शाम कुछ लोग जबरन उनके घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला किया, जिससे उन्हें आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उनके पति शिवचरण के साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। शिकायत के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे अभिनव और बहू प्रिया के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### युवक की हत्या मामले में पुलिस के हाथ खाली

**गोहाना।** गांव कथूरा में रोहतक के युवक की चाकू मारकर हत्या और दो युवकों पर जानलेवा हमले की वारदात के दो दिन बाद भी आरोपितों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की हैं। टीमों ने आरोपितों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी है। रोहतक के गांव गढ़ी बोहर और हाल फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अंकुश की एक सप्ताह पहले गांव मोखरा निवासी पंकज उर्फ भोलू से कहासुनी हुई थी।

# सोहटी में फैक्ट्री संचालक पर हथियारबंद युवकों का हमला

■ रंजिश में स्कॉर्पियो सवार चार युवकों ने रास्ता रोककर की मारपीट, केस

**खरखौदा।** सोहटी गांव में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग फैक्ट्री संचालक के साथ हथियारबंद युवकों द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सोहटी निवासी दीपक राणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुतुबगढ़ रोड पर प्लास्टिक रीसाइक्लिंग फैक्ट्री है। 26 जुलाई की शाम वह अपने दोस्त सुजीत के साथ फैक्ट्री की ओर लौट रहा था। इसी दौरान चार युवक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे और उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर हथियारों के बट और लात-घूंसों से दोनों के साथ मारपीट की। शोर सुनकर फैक्ट्री से अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी अवैध हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल का मेडिकल कराया। मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# घर में घुसकर लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**गन्नौर।** गांधी नगर क्षेत्र में देर रात घर में घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर, वार्ड नंबर-2 निवासी मोहन शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 23 जुलाई को किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। घर पर उनकी माता कमलेश, पत्नी मोनिका और तीन बच्चे मौजूद थे। आरोप है कि 24 जुलाई की तड़के करीब 2:45 बजे दो अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुस आए। उस समय उनकी माता और पत्नी सो रही थीं। दोनों महिलाओं ने डर के कारण कोई विरोध नहीं किया। आरोपित घर में रखी अलमारी से दो जोड़ी चांदी की पाजेब, एक चांदी की चेन, एक सोने की अंगूठी व नकदी ले गए।

## विधायक निखिल मदान ने परिवहन मंत्री अनिल विज व अधिकारियों से की भेंट

# जाटजोशी में 9.33 एकड़ जमीन पर बनेगा नया बस अड्डा, जल्द तैयार होगा लेआउट

6.33 एकड़ में बस अड्डा परिसर और 3 एकड़ में इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा व चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के पास नए बस अड्डे के निर्माण की संभावनाओं पर विराम लग गया है। अब राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित गांव जाटजोशी में चिन्हित 9.33 एकड़ जमीन पर ही नया बस अड्डा विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए जल्द नया लेआउट तैयार करवाया जाएगा। इस मामले में विधायक निखिल मदान की परिवहन मंत्री अनिल विज से भी चर्चा हो चुकी है। योजना के अनुसार, जाटजोशी में 6.33 एकड़ जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस अड्डा परिसर विकसित किया जाएगा, जबकि शेष 3 एकड़ में इलेक्ट्रिक बसों के लिए बेड़ा और चार्जिंग स्टेशन तैयार करने की योजना है। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के पास केएमपी के समीप उपयुक्त जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण जाटजोशी में बस अड्डा बनाने की योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार केएमपी के पास करीब 15 एकड़ जमीन पर पहले से सेक्टर-39 होलसेल मार्केट प्रस्तावित है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। परिवहन विभाग की ओर से नए बस अड्डे का डिजाइन पहले दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) एजेंसी से तैयार करवाया गया था, लेकिन इसे मंजूरी नहीं मिल सकी। अब नए सिरे से डिजाइन तैयार कर मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद निर्माण के लिए बजट तैयार कर मुख्यालय को भेजा जाएगा।

### पीपीपी मोड पर बनेगा बस अड्डा, 250 बसों की होगी क्षमता



नए बस अड्डे का निर्माण सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत करवाया जाएगा। यहां करीब 250 बसों के संचालन की क्षमता विकसित करने की योजना है। यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष, पार्किंग, व्यावसायिक परिसर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बस अड्डे के सामने यात्रियों की सुविधा के लिए फुटओवर ब्रिज बनाने की योजना भी प्रस्तावित है, जिसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुमति ली जाएगी।

### शहर को जाम से मिलेगी राहत

वर्तमान बस अड्डा शहर के बीचों-बीच होने के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। नए बस अड्डे के शहर से बाहर बनने के बाद यातायात दबाव कम होने की उम्मीद है। परिसर में दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों से युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे।

### प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया जा चुका

केएमपी के पास जगह के अभाव के चलते जाटजोशी में ही नया बस अड्डा बनाने की योजना पर काम जारी है। प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया जा चुका है। परिवहन मंत्री अनिल विज और विभाग के अधिकारियों से चर्चा के बाद जल्द नए बस अड्डे का लेआउट तैयार करवाया जाएगा।
**-निखिल मदान**, विधायक, सोनीपत



हरिभूमि
सहेली

स्पेशल
फ्रेंडशिप-डे, 2 अगस्त



# साझी खिलखिलाहटों का प्यारा रिश्ता

जिंदगी की डगर में अगर सहेलियां साथ हों तो रास्ता आसान हो जाता है। लड़खड़ाने पर वे हमें संभालती हैं, भटकने पर सही राह दिखाती हैं। ये सहेलियां ही होती हैं, जिनसे हर बात बेहिचक साझा की जा सकती है, सलाह ली जा सकती है। हमें असली खुशी सहेलियों के बीच ही मिलती है। सहेलियां हैं तो जिंदगी में बहार है।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

महिलाओं के लिए सहेलियों से जुड़ा भाव-चाव बहुत आत्मीय होता है। ऐसा स्नेहपूर्ण संबंध, जो सुख-दुःख में साथ देने वाला ही नहीं, बिना औपचारिकता के मन की सुनने का कोना भी बनता है। जो अपनों से भी नहीं कहा जाता, वह सखियों से कहा जाता है। पीड़ा की जो पोटली सगे-संबंधियों के समक्ष नहीं खोली जाती, वह किसी सहेली के आगे सहजता से खुल जाती है। सुखद यह भी है, कभी सहेलियों से सही सलाह मिलती है तो कभी भावनात्मक सहारा, दोनों ही बातें मानवीय जीवन को मजबूती देने वाली बुनियाद बनती हैं।

## हर सुख-दुख सखियों के साथ साझा

स्त्रियां मायका हो या ससुराल, वे मन की बात खुलकर नहीं कह पातीं। एक तयशुदा शिष्टाचार कुछ कहने ही नहीं देता। कह दें तो ग्लानि और अपराधबोध आ घेरता है। उनकी क्या छवि बनेगी। यह सोचकर ही पछतावा होने लगता है। फ्रेंड्स के सामने महिलाओं को इस अनकहे से प्रोटोकॉल से नहीं जूझना पड़ता। तभी तो सखियों के सामने दुःख आंखों से बह निकलता है। सुख की मुस्कुराहटें सहजता से साझी हंसी बन जाती हैं। बिना किसी मलाल के सच्ची भावनाएं साझा करने से ही समय के साथ यह रिश्ता और गहरा होता है। आपसी विश्वास बढ़ता है। असल में देखा जाए तो भावनाओं का खुला आदान-प्रदान ही मित्रता की सच्ची पूंजी है। महिलाओं के लिए तो फ्रेंडशिप का यह संचित धन और भी महत्वपूर्ण है। यह स्त्रीमन की संवेदनाओं को साझा करने का ऐसा सुरक्षित कोना है, जहां बिना अपराधबोध के अनुभूतियों का सच बताया जा सके।



## संकट से जूझने की शक्ति



हर संकट में साथ देने वाली सहेलियां टूटते-बिखरते मन को संभाल लेती हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि जिन महिलाओं को तनावपूर्ण हालातों में सखियों का साथ मिलता है, उनका जीवन अकेले चुनौतियों से जूझने वाली महिलाओं की तुलना लंबा होता है। सखियों का साथ हर परिस्थिति में मनोबल मजबूत करता है। देखने में आता है कि घर-परिवार में संकट के समय भी महिलाओं को आरोप-प्रत्यारोप झेलने पड़ते हैं। किसी सुखद अवसर पर भी मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति दिखती है। कुछ नया करने पर अजीब-सी सलाहें दी जाती हैं, सफलता को लेकर आशंका जताई जाती है। जबकि सहेलियां इमोशनल फ्रंट पर हालातों को समझती हैं। सखियां बस चुपचाप साथ देती हैं। हर हाल में अपनी मौजूदगी का एहसास कराती हैं। साइकोसोमेटिक मेडिसिन मैगजीन में छपे अध्ययन के मुताबिक स्त्रियां बिना कोई सलाह दिए एक-दूसरे की बातें सुनती हैं। सकारात्मक भावों से भरा यह व्यवहार तकलीफदेह हालातों से जूझ रही स्त्री को बहुत संबल देता है। समझना मुश्किल नहीं, जब कोई महिला मित्र यूं साथ देती है तो जिंदगी के हर पहलू पर सकारात्मक असर पड़ता है।

जिंदादिल जिंदगी की संगी-सखियों के साथ अपनी कमजोरियां स्वीकार करने में भी संकोच नहीं होता। सामाजिक-पारिवारिक जीवन में बहुत सी भूमिकाएं निभाती स्त्रियों को 'जैसी हूं वैसी हूं और खुश हूं' के भाव को जीने का मौका केवल सहेलियों के साथ ही मिलता है। यह स्वीकार्यता मनोभावों को जीवंत बनाती है। बिना किसी दबाव के सहज रूप से एक-दूसरे की परवाह करने के चलते ही इस रिश्ते की बॉन्डिंग मजबूत होती है। इसी कनेक्ट से बहुत सकारात्मक और सुरक्षित महसूस होता है। हर परिस्थिति में खिलखिलाहट बिखेरने वाली सहेलियां एक-दूसरे की सबसे बड़ी चीयरलीडर कही जाती हैं। हंसी-खुशी और ऊर्जा से भरा सखियों का साथ जीवन को नीरस होने से बचाता है। हालिया बरसों में महिलाएं अब सहेलियों के साथ ग्रुप ट्रैवल भी करने लगी हैं। अपना शहर हो या कोई दूर-दराज का पर्यटन स्थल, ऐसी आउटिंग उन्हें हौसला देती है। सखियों के साथ के भरोसे पर ही महिलाएं आम जीवन की जद्दोजहद से दूर यूं जिंदादिली के साथ जीवन जीने की राह चुनने लगी हैं।


## आत्म-सम्मान का आधार

सहेलियों का साथ केवल हंसी-मजाक या घूमने-फिरने तक ही सीमित नहीं होता। एक-दूसरे के मन को मजबूती देने वाली सखियां सही मायने में स्त्री सशक्तिकरण को भी बल देती हैं। डर या आशंका के बजाय आत्मसम्मान के भाव को पोसती हैं। गलती होने पर फिर उठ खड़े होने के लिए सहारा देने को हाथ आगे बढ़ाती हैं। सहेली की सफलता पर सच्ची प्रशंसक बनती हैं। यह जुड़ाव सचमुच असाधारण है, जो स्त्रियों को अपने अस्तित्व से प्रेम करना सिखाता है। अपने भीतर छिपी योग्यता को निखारने की राह सुझाता है। बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे का समर्थन करते हुए खुद अपने जीवन-अपने सपनों का मोल समझने की भावना को पोसता है। सबसे अहम यह है कि ऐसी हर बात स्त्रियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास का पक्का आधार बनाती है। उनके जीवन में खुशियां बिखेरती हैं। ❁

# महिलाओं की फ्रेंडशिप को व्हाट्सएप ग्रुप दे रहा नई पहचान

तकनीक का इस्तेमाल केवल जीवनशैली को ही नहीं हमारे आपसी संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है, उसे नई दिशा दे रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप ऐसी ही सुविधा है, जो महिलाओं की दोस्ती को प्रगाढ़ बना रही है, उसे नए आयाम दे रही है।

टेक्नो लाइफ
नम्रता नदीम



महिलाओं की फ्रेंडशिप को एक समय तक गली-मुहल्ले की बैठकों, रिश्तेदारों से मिलने या किट्टी पार्टियों-त्योहारों पर होने वाले मेल-मिलाप तक ही सीमित माना जाता था। लेकिन अब सिनेरियो बिल्कुल बदल गया है। आज के दौर में टीनएज, यंगएज से लेकर मिडएज तक की महिलाओं की आपसी दोस्ती नए रूप में सामने आ रही है। इसे आगे बढ़ाने और हाईटेक बनाने में व्हाट्सएप ग्रुप का बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान है।

**शेयरिंग का नया अंदाज:** व्हाट्सएप ग्रुप में महिलाएं आपस में भावनात्मक अनुभवों को साझा करती हैं। एक-दूसरे से सलाह लेती-देती हैं। अपनी रेसिपी दूसरों को बताती हैं और दूसरों द्वारा बताई गई रेसिपी को आजमाने की कोशिश करती हैं। रेसिपी बनाने या अपने किसी नए अनुभव को साझा भी करती हैं। अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियां, स्वास्थ्य संबंधी जानकरियां, ये सब व्हाट्सएप ग्रुप में उनके द्वारा खूब शेयर किए जाते हैं। कहने का मतलब है कि व्हाट्सएप ग्रुप ने हर उम्र की महिलाओं के लिए एक नई दुनिया रच दी है।



**बदला दोस्ती का स्वरूप:** आज के डिजिटल दौर में दोस्ती केवल मिलने-जुलने तक सीमित नहीं होती है। सोशल मीडिया, उसमें भी सबसे ज्यादा व्हाट्सएप ग्रुप में सुबह की शुभकामना से लेकर रात की बातचीत तक दिन भर कोई न कोई इंगेजमेंट बनी ही रहती है। फैमिली, ओल्ड फ्रेंड्स, कॉलोनी या सोसाइटी, ऑफिस कुलीग्स, योगा क्लासमेट्स, किट्टी ग्रुप या बुक क्लब, अपनी सहूलियत के हिसाब से महिलाएं भी अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में एक्टिव रहती हैं। इन ग्रुप्स ने महिलाओं की दोस्ती का दायरा ही नहीं बढ़ाया बल्कि उनके स्वरूप को भी बदला है।

**कम हुआ है अकेलापन:** संबंध विशेषज्ञों के मुताबिक व्हाट्सएप ग्रुप में डिजिटल संवाद काफी हद तक महिलाओं में अकेलेपन की भावना को कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हालांकि देखने में यह भी आया है कि डिजिटल इंगेजमेंट ने एक-दूसरे से मिलने की संभावना को कम किया है। लेकिन इसके जरिए अपनी तरह की सोच-समझ रखने वाली महिलाओं के बीच जरूर महिलाओं की पहुंच बढ़ी है। क्योंकि व्हाट्सएप ग्रुप्स में लगभग सभी सदस्य एक-दूसरे को जानने वाले दोस्त होते हैं, इसलिए यह पूरी तरह से अभासी या अवास्तविक नहीं है।

**सोशल लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा:** व्हाट्सएप ग्रुप्स की सबसे बड़ी उपयोगिता तो यह है कि इसके जरिए अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद, महिलाएं अपने दोस्तों से संपर्क बनाए रख पाती हैं। महिलाएं अपने ग्रुप से जुड़ी दूसरी महिलाओं को अपना नजदीकी ही समझती हैं। इसलिए छोटी से छोटी सूचनाएं भी साझा करती हैं और अपने लिए तथा दूसरों के लिए एक ऐसा सपोर्ट सिस्टम विकसित करती हैं, जिससे बीमारी, तनाव, बच्चों की पढ़ाई, रिश्तों की समस्याएं या किसी खास उपलब्धि की खुशी को आपस में बांटने का भरपूर सुख हासिल कर पाती हैं। महिलाओं की सोशल लाइफ के लिए व्हाट्सएप ग्रुप की फ्रेंडशिप महत्वपूर्ण रोल निभा रहे हैं।

**तीज-त्योहारों का सेलिब्रेशन:** त्योहारों और विशेष अवसरों में तो व्हाट्सएप ग्रुप की भूमिका और भी बढ़ जाती है। करवा चौथ, तीज जैसे त्योहारों में महिलाएं अपनी सखी-सहेलियों को डिजिटल शुभकामनाएं देने के साथ-साथ आपस में मिलकर सजावट करके, फैशन, मेहंदी डिजाइन और रेसिपी को एक-दूसरे से साझा करके सेलिब्रेशन का आनंद उठाती हैं। इससे आपस में केवल दोस्ती ही मजबूत नहीं होती बल्कि इससे सांस्कृतिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। ❁

आने वाले फ्रेंडशिप डे के मौके पर आप जरूर अपनी बेस्ट फ्रेंड को प्यारा सा, कोई यूनीक गिफ्ट देना चाहेंगी। इसीलिए हम यहां पर आपको कुछ डिफरेंट टाइप के गिफ्ट आइडियाज सजेस्ट कर रहे हैं। इनमें से कोई भी आप सेलेक्ट कर सकती हैं।

# अपनी बेस्ट फ्रेंड के लिए लवली गिफ्ट आइडियाज

सजेशन
प्रतिभा अग्निहोत्री



बहुत प्यारा और सबसे अलग होता है दोस्ती का रिश्ता। इस खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर फ्रेंडशिप डे पर अपनी दोस्त को यूनीक गिफ्ट देकर स्पेशल फील कराना चाहेंगी। अगर आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि अपनी बेस्ट फ्रेंड को क्या गिफ्ट दें तो आपकी हेल्प के लिए दे रहे हैं कुछ गिफ्टिंग आइडियाज-

**फीलिंग्स से भरे गिफ्ट्स:** खुद के साथ अपनी दोस्त की अब तक की जर्नी की खूबसूरत यादों के सुंदर-सुंदर फोटो का कोलाज बनवाकर उसको गिफ्ट कर सकती हैं। हाथ से बनी स्क्रैप बुक भी गिफ्ट करने के लिए एक बहुत बेहतरीन आइडिया है। इसके अलावा आप अपने दोस्तों के साथ की फोटोज को कस्टमाइज करके कुशन कवर, की-चेन, ब्रेसलेट, बेडशीट, कप और टी-शर्ट भी गिफ्ट कर सकतीं हैं। कस्टमाइज करवाते समय आप अपनी फोटो के साथ किसी यादगार पल की कोई खास डेट भी लिखवा सकतीं हैं, जिससे आप दोनों की यादें तरोताजा हो जाएंगी। आप अपनी दोस्त को एक खूबसूरत से पेज पर पत्र लिखकर दे सकती हैं, जिसमें आप उनके प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के साथ-साथ वे आपके लिए क्या महत्व रखतीं हैं इसे भी लिखें। यह तोहफा बाजार से खरीदे गए तोहफों की अपेक्षा उनके लिए बहुत कीमती होगा।



**यूजफुल गिफ्ट्स:** अगर आपके दोस्त को लिखने, नोट्स बनाने का शौक है तो एक बहुत अच्छी क्वालिटी की लेदर डायरी या फिर स्मार्ट नोटबुक भी अच्छा विकल्प हो सकता है। पढ़ने की शौकीन दोस्त के लिए विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दिए जा सकते हैं, इससे वे एक दिन ही नहीं पूरे वर्ष अपनी दोस्ती को याद करती रहेंगी। प्रीमियम पेन सेट या उनकी पसंद की कुछ बुक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। यदि वह मूवीज की शौकीन हैं तो आप उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म सब्सक्रिप्शन भी उपहार में दे सकतीं हैं।




**डेकोरेटिव गिफ्ट्स:** एगलोनिमा, एरिका पाम, क्रोटन जैसे पौधों को बहुत सुंदर से गमले में रखकर गिफ्ट दे सकती हैं। इस डिफरेंट गिफ्ट से उनका मन खुश हो जाएगा। पौधे घर में पॉजिटिविटी तो लाते ही हैं, साथ ही घर की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देते हैं। टी कॉफी गिफ्ट हैंपर, सेंटेड कैंडल्स भी गिफ्ट करने के लिए बहुत अच्छे विकल्प हैं। यूं तो इस अवसर पर बाजार में कई तरह के फ्रेंडशिप बैंड्स भी मिलते हैं पर आप अपने हाथ से बैंगल्स पर रेशमी धागा लपेटकर या फिर क्रोशिए और सितारों से सजाकर फ्रेंडशिप बैंड बनाकर अपनी फ्रेंड को गिफ्ट कर सकती हैं, यकीन मानिए उनका दिल खुश हो जाएगा।

चॉकलेट गिफ्ट हैंपर या अपनी फ्रेंड की फेवरेट डिश के ऑनलाइन गिफ्ट से आप उन्हें सरप्राइज दे सकतीं हैं।

**रखें ध्यान:** अपनी फ्रेंड के लिए गिफ्ट लेते समय दोस्त की पसंद के साथ कुछ बातों का ध्यान रखना अत्यधिक आवश्यक है।

- गिफ्ट को बहुत सुंदर से गिफ्ट पेपर में रैप करके गिफ्ट करें इससे गिफ्ट की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाती है।
- गिफ्ट चुनते समय अपनी दोस्त की भावनाओं का ध्यान रखें।
- यदि आप ऑनलाइन कोई उपहार मंगवा रही हैं तो उसका टैग न निकालें ताकि यदि वे एक्सचेंज करना चाहें तो आराम से किया जा सके। ❁

स्किन केयर
ललिता गोयल

# ऑयली स्किन के लिए अपनाएं ईजी होम रेमिडीज

मानसून के मौसम के साथ आने वाली उमस के कारण स्किन ऑयली हो जाती है, जिससे चेहरे पर बार-बार पसीना और गंदगी जमा होने लगती है। इसका नतीजा पिंपल्स, डल स्किन, खुजली जैसे समस्याएं होने लगती हैं और चेहरे का नेचुरल ग्लो कही खो जाता है। ऐसे में समझ नहीं आता कि चेहरे को ऑयल-फ्री और ग्लोइंग रखने के लिए क्या किया जाए? यहां कुछ ऐसे असरदार तरीकों के बारे में जानते हैं, जिनकी मदद से स्किन को मानसून में भी फ्रेश और ग्लोइंग रखा जा सकता है।

**कच्चा दूध:** मानसून की चिपचिपाहट और टैनिंग से निपटने के लिए कच्चा दूध सबसे सुरक्षित घरेलू उपाय है। हाथों और चेहरे को अच्छी तरह साफ करके ताजे कच्चे दूध में एक साफ कॉटन पैड को डुबोएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में चेहरे की मसाज करते हुए लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद रेगुलर मॉयश्चराइजर लगा लें। इससे त्वचा को गहराई से नमी मिलती है और त्वचा की रंगत भी साफ होती है।



**खीरे का रस:** मानसून में खीरे का रस स्किन पर लगाने से न सिर्फ स्किन ठंडी और हाइड्रेट रहती है बल्कि यह एक्ने और पिंपल्स की समस्या को भी कम करता है। दिन में एक बार खीरे का रस कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं और उसे 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल के कूलिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण स्किन को हाइड्रेट करने और सूजन को कम करने में भी मदद करते हैं।

**मुल्तानी मिट्टी:** मुल्तानी मिट्टी में थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर हफ्ते में दो बार चेहरे पर लगाने से स्किन पर जमी गंदगी साफ होती है। यह स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को सोख कर स्किन को टाइट और ब्राइट करता है।



**पपीता:** मानसून में पपीते का पेस्ट चेहरे पर लगाने से स्किन की डेड सेल्स हटती है, हाइड्रेशन भी बना रहता है और रंगत भी निखरती है।

**रखें ध्यान:** इन बातों का भी ध्यान रखें-

- मानसून में भी चेहरे पर हल्का मॉयश्चराइजर और जैल बेस्ड क्रीम का इस्तेमाल करें ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।
- चेहरा धोने के बाद एक कॉटन पैड में थोड़ा-सा गुलाब जल लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। ❁

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस
विनीता

स्पेशल: वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक, 1-7 अगस्त

मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। लैक्टेशन पीरियड यानी ब्रेस्ट फीड कराने की अवधि मां और बच्चे दोनों के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। इस दौरान कैसी हो मांओं की डाइट, यह जानना बहुत जरूरी है।

# फीडिंग पीरियड में मांएं डाइट का रखें पूरा ध्यान

जन्म के बाद शिशु को मां के दूध से पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि मां खुद भी स्वस्थ रहें और अपनी डाइट पर पूरा ध्यान दें। जब मां का शरीर स्वस्थ रहता है तो इससे उसके ब्रेस्ट में पर्याप्त मात्रा में दूध की मात्रा भी बढ़ती है और इससे शिशु का विकास सही ढंग से होता है। शिशु को फीड कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 5000 अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है। आमतौर पर इस दौरान उनका वजन थोड़ा बढ़ जाता है, लेकिन यह सामान्य है। इस दौरान अच्छी सेहत और फिटनेस के लिए संतुलित आहार अपनाएं, नियमित वॉक करें और एक्सपर्ट की सलाह पर हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी करें।

**क्या खाएं:** फीड कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में इन्हें शामिल करना चाहिए।

- अपनी डाइट में तरल पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं। रोज लगभग 8-10 ग्लास पानी, शिकंजी, सूप और छाछ आदि पिएं।
- अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ाएं। इसके लिए हर तरह की दालें, पनीर, सोयाबीन स्प्राउट्स, नट्स जैसे-पिस्ता, अखरोट और बादाम आदि का संतुलित मात्रा में सेवन करें। अगर नॉन-वेजिटेरियन हैं तो अंडा, चिकन और ताजे पानी की मछली का सेवन करें।



- लैक्टेशन पीरियड के दौरान इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटमिन-सी युक्त फलों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। इसके लिए आप संतरा, सेब, आंवला, नीबू के अलावा सभी मौसमी फलों का सेवन कर सकती हैं।
- डिलीवरी के बाद पहले महीने में महिलाओं को ज्यादा कैलोरी की जरूरत होती है, जिसकी पूर्ति के लिए अधिकतर परिवारों में पारंपरिक रूप से नई मां के लिए घर पर हल्दी-सोंठ का हलवा और ड्राई फ्रूट्स मिलाकर पंजीरी के लड्डू बनाए-खिलाए जाते हैं। हल्दी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व मां को इंफेक्शन से बचाने में मददगार साबित होते हैं। अन्य पौष्टिक तत्वों की वजह से रिकवरी तेजी से होती है और दूध की मात्रा भी बढ़ती है।



**क्या न खाएं:** लैक्टेशन पीरियड में मांओं को कुछ फूड्स से परहेज रखना चाहिए।

- ज्यादा मैदा, घी-तेल और मिर्च-मसाले से दूर रहें।
- डिब्बाबंद प्रोसेस्ड फूड मां और शिशु दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।
- खुले में बिकने वाली चाट-पकौड़ी, समोसा, चाउमीन, मोमोज जैसी चीजों से स्टमक इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।
- फ्रूट्स जूस न पिएं क्योंकि इससे फलों में मौजूद फाइबर नष्ट हो जाते हैं, जो पाचनतंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, इसलिए बेहतर यही होगा जूस लेने के बजाय फलों का सेवन करें।
- अगर प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज रही हो, तो चीनी के बजाय गुड़ से बनी चीजों का सेवन करें और खानपान के मामले में डॉक्टर के सभी निर्देशों का पालन करें। ❁

**(मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम की सीनियर डाइटीशियन डॉ. संध्या पांडे से बातचीत पर आधारित)**

### कुलपति प्रो. सुदेश ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# जिला जूडो चैंपियनशिप में सुदीप ने जीता रजत पदक



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) कैंपस स्कूल के कक्षा 7वीं के छात्र सुदीप ने जिला जूडो चैंपियनशिप में अंडर-14 आयु वर्ग में रजत पदक हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं विवि का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे कैंपस स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार व डॉ. दीपक ढाका का मार्गदर्शन रहा। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने सुदीप को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुदीप भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी विवि एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगा। कुलपति ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार हैं। खेलों से न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, धैर्य तथा चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री के साथ साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## एथलेटिक्स में जीते पदक, क्रिकेट में 4 खिलाड़ियों का जिला टीम में चयन

सोनीपत। खेल के मैदान में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए, वहीं दूसरी ओर साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने एसजीएफआई क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 की चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाते हुए जिला सोनीपत क्रिकेट टीम में अपनी जगह पक्की की। इन शानदार उपलब्धियों से विद्यालय परिसर और खिलाड़ियों के परिवारों में खुशी का माहौल है। साउथ पॉइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स स्पर्धा के अपने-अपने आयु वर्ग में कड़ा मुकाबला करते हुए बेहतरीन उपलब्धियां हासिल कीं। खत्री ने बताया कि नमन ने शॉट पुट में कांस्य पदक प्राप्त किया। पांशुल ने अंडर-14 शॉट पुट प्रतियोगिता में रजत प्रापत किया। शानदार खेल प्रदर्शन के आधार पर 4 खिलाड़ियों का जिला सोनीपत क्रिकेट टीम में चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी अब 28 जुलाई को जीडी गोयनका स्कूल में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन खिलाड़ियों में आर्यन (कक्षा 12वीं- आर्ट्स), रौनक (कक्षा 11वीं- आर्ट्स), अमन (कक्षा 10वीं), गौरव (कक्षा 9वीं) शामिल हैं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने सभी का उत्साह बढ़ाया।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।

## जिला विद्यालय वुशु चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल का दबदबा

खरखौदा। जिला विद्यालय वुशु चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में 27 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओम प्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया, साई खेलो इंडिया वुशु कोच दिवस कटारिया एवं पिंकी पीटीआई ने खिलाड़ियों को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। अंडर-19 वर्ग आयु वर्ग में अजय (48 किग्रा), जतिन (52 किग्रा), परवीन (56 किग्रा), शुभम (60 किग्रा), यशबीर (65 किग्रा), सुदर्शन (70 किग्रा), देव (75 किग्रा), हर्षित (80 किग्रा), चिराग (85 किग्रा), लक्ष्य (90 किग्रा), ज्योति (45 किग्रा), अन्नू (52 किग्रा), निशु (60 किग्रा) ने स्वर्ण, कार्तिक (60 किग्रा) व सुमित (70 किग्रा) ने रजत तथा शिवम (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

## नेटबॉल टूर्नामेंट में लखी राम स्कूल ने मारी बाजी



खरखौदा। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सोनीपत में दो दिवसीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बीच अंडर-14 बालक वर्ग में लखी राम स्कूल हलालपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में राजकीय हाई स्कूल गिवाना दूसरे तथा एस.पी. विद्यापीठ मोहाना तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय हाई स्कूल गिवाना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिसाना ने द्वितीय तथा मेजबान रोज वैली स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य टीमों के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया। आयोजन के अवसर पर धर्मेंद्र खटक प्रिंसिपल भटगांव , संजय दहिया लखी राम स्कूल, जसबीर सिंह गोपालपुर, महिपाल मोर रोज वैली स्कूल, संसार व पंकज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को किया याद



गोहाना। सोमवार को शहर की मुगलपुरा बस्ती के समीप स्थित शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में नागरिकों ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों के साथ जीवन में आगे बढने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने साबित कर दिया कि जन्म से नहीं कर्म से पहचान बनती है। उन्होंने अखबार बेचने से लेकर 1 दिन देश की मिसाइल बनाई और फिर राष्ट्रपति बनकर पूरे देश का नेतृत्व किया। उनका जीवन ही इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है कि मेहनत सपना और ईमानदारी से कोई भी मंजिल संभव है। डॉ. कलाम के पिता मछुआरों को नाव किराए पर देकर घर चलाते थे। इस मौके पर मुकेश सैनी, पवन धीमान, मास्टर सोहन पाल, किरण जुनेजा, संजय गोयल, पंकज सैनी, कृष्ण कश्यप नरेंद्र कादयान व ऋतिक दांगी उपस्थित रहे।

## शिविर लगाकर 40 लोगों की स्क्रीनिंग कर टीबी के प्रति किया जागरूक



सोनीपत। स्वास्थ्य विभाग जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए लगातार कर्तव्य पथ पर अग्रसर है। मरीजों को एक्स-रे व टीबी जांच की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जा रही है। टीबी विभाग की ओर से सोमवार को निक्षय अभियान के तहत नागरिक अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में टीबी मरीजों की नियमित जांच के साथ उनके संपर्क में आए लोगों की भी स्क्रीनिंग की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. तरुण यादव के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में 40 लोगों के डिजिटल एक्स-रे के साथ उनकी टीबी संबंधी जांच की गई। इन लोगों के बलगम के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। शिविर में कुल 40 लोगों में 21 पुरुष व 19 महिलाओं ने अपनी जांच करवाई। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव व समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, कमजोरी, रात में पसीना आना, वजन कम होना जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवाना अनिवार्य है।

## एचएसवीपी मुख्यालय पर दूसरे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना



सोनीपत। हुड्डा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत का एचएसवीपी मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। जिला प्रधान टीनू मदान, जिला चेयरमैन सतीश शर्मा, जिला कैशियर जितेंद्र जागलान, उप प्रधान नेहा रानी तथा बसंत राठी ने कहा कि विभाग कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी लेटर की प्रक्रिया बिना देरी पूरी करे। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों से प्रतिवर्ष 1500 रुपये मेडिकल सुविधा के नाम पर काटे जाते हैं, लेकिन अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रहीं। यूनियन ने आरके नागर से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच तथा नियम उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की मांग भी उठाई। सभा को राकेश योगी, सतीश शर्मा, जितेंद्र जागलान, राम नरेश शर्मा, सुभाष रापड़िया, मुकेश, धीरज, नवीन शर्मा, अश्वनी शर्मा, ओम प्रकाश, जीवनलाल, रघुनाथ, अशोक, नेहा, सरोज, कुलदीप, अमित, रविंदर, ध्रुव कुमार, जोगिंदर, श्यामलाल, बसंत राठी, योगेश शर्मा, दिलबाग, दर्शन और कृष्णा सहित अन्य ने संबोधित किया।

## स्टेडियम को खेल का मैदान निर्धारित करने की मांग

गोहाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के पूर्व छात्रों ने चौ. देवीलाल स्टेडियम की जमीन को स्कूल के खेल मैदान के लिए निर्धारित करने की मांग की। पूर्व छात्रों ने यहां प्रस्तावित मल्टी स्टोरी मार्केट व पार्किंग निर्माण योजना को रद करने की मांग की। इस मांग को लेकर पूर्व छात्रों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। पूर्व छात्रा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वेद प्रकाश शर्मा, वीर आनंद मोर और अभिनव देशवाल ने कहा कि समता पुलिस चौकी के सामने शहर का प्रमुख सरकारी विद्यालय है, जहां वर्तमान में करीब 1,200 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल के भवन के सामने खेल मैदान था। पूर्व छात्रों का कहना है कि लगभग 40 वर्ष पहले खेल मैदान की जमीन पर चौ. देवीलाल स्टेडियम बनाया गया। अब नगर परिषद स्टेडियम की जगह मल्टी स्टोरी मार्केट और पार्किंग बनाने की तैयारी कर रही है। रिकार्ड में यह जमीन शिक्षा विभाग के नाम है। पूर्व छात्रों ने कहा कि खेल मैदान समाप्त होने से विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। खेल, दौड़ और व्यायाम की सुविधाएं खत्म होने से स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

## आध्यात्मिक गुरु दिवस पर संगत ने चलाया पौधरोपण अभियान



सोनीपत। आध्यात्मिक गुरु दिवस के उपलक्ष्य में सावन कृपाल रूहानी मिशन के तत्वावधान में कबीरपुर रोड स्थित कृपाल आश्रम, सोनीपत की संगत ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर संगत ने कुल 41 पौधों का रोपण किया। पौधे अपने-अपने घरों के अलावा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रायपुर, बड़वासनी (सोनीपत-गोहाना रोड), पार्कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए। बताया गया कि आध्यात्मिक गुरु दिवस की शुरुआत दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज द्वारा 27 जुलाई 1980 को की गई थी। यह दिवस प्रत्येक वर्ष जुलाई माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इसी दिन हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज जी का प्रकाश दिवस भी मनाया जाता है।



## पुलिस लाइन में जनरल परेड, एसीपी राजदीप मोर ने किया निरीक्षण

सोनीपत। पुलिस लाइन सोनीपत में सोमवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण सहायक पुलिस आयुक्त साइबर राजदीप मोर, एचपीएस ने किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों की वर्दी, अनुशासन और कार्यकुशलता का निरीक्षण करने के साथ विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों और सरकारी वाहनों की स्थिति की भी समीक्षा की। संबंधित पुलिसकर्मियों को कार्यालयों और वाहनों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए गए। राजदीप मोर ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समयबद्धता, शारीरिक दक्षता और जनसेवा के प्रति समर्पण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित परेड और निरीक्षण से पुलिस बल की कार्यक्षमता तथा पेशेवर दक्षता मजबूत होती है। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## मंडोरा में फिरनी और सड़क पर अवैध कब्जों से परेशान ग्रामीण

खरखौदा। क्षेत्र के गांव मंडोरा में फिरनी और सड़क पर हुए अवैध कब्जों और गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम सभा और जन कल्याण सेवा समिति मंडोरा के बैनर तले ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। जिसमें बताया गया है कि गांव मंडोरा की तीन ओर 33 फुट चौड़ी फिरनी और एक ओर 66 फुट चौड़ी पीडब्ल्यूडी की सड़क है। लेकिन अवैध कब्जों और गलत सीमांकन के कारण गांव के चारों ओर ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता ही नहीं बचा है। फिरनी पर जगह-जगह अवैध कब्जे हैं और कुछ जगहों पर तो पूरी 33 फुट फिरनी ही कब्जे में दब चुकी है। भीम सिंह, अनिल, सतबीर सिंह, महावीर, सुरेंद्र, अभिमन्यु, देवेंद्र, देव आदि ग्रामीणों का आरोप है कि फिरनी के साथ-साथ खाद गड्ढों पर भी कब्जा कर लिया गया है। जगह-जगह कूड़े और गोबर के ढेर लगे हैं, जिससे महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं सड़क की हालत भी अवैध कब्जों और टूट-फूट के कारण खस्ता हो चुकी है। ग्रामवासियों ने जिला उपायुक्त, उपमंडल अधिकारी खरखौदा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खरखौदा और सीएम विंडो पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर मांग की है कि जनहित में तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरी फिरनी, खाद गड्ढे और नालों को खाली कराया जाए।



## लोगों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें : अंकित

गोहाना। गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित उपमंडलीय परिसर में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनी। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम अंकित कुमार ने की। उन्होंने विभागों के उच्च अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से शिकायतों का समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में समाधान किया जाए तथा किसी भी पात्र नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान शिविर में नायब तहसीलदार गोहाना हेमंत, नायब तहसीलदार खानपुर अंजू, नगर परिषद सचिव सुंदर शर्मा, बीईओ लवल किशोर, बीईओ गोहाना बलजीत गहलावत , पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ अशोक कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ नरेंद्र लाठर, मार्केट कमेटी सचिव सविता, सिंचाई विभाग से एसडीओ योगेश व एएफएसओ राजेश हुड्डा मौजूद रहे।

### कल्चरल फेस्ट: 2026 में छात्रों ने प्रतिभा की झलक दिखाई

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**मुख्य अतिथि डीईओ नवीन गुलिया और विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिधल में सोमवार को आयोजित खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट: 2026 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम में शैक्षणिक खंड गोहाना के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हरियाणवी समूह व एकल नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी कला प्रतिभा की झलक दिखाई। मुख्य अतिथि डीईओ नवीन गुलिया और विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री थे। खंड शिक्षा अधिकारी, गोहाना बलजीत गहलावत एवं विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमारा छिकारा ने अतिथियों का सम्मान प्रकट किया। मंच संचालन शीला सिंहरोहा और रेणुका ने किया। यह कार्यक्रम जिला को-ऑर्डिनेटर सुनीता ढुल की देखरेख में आयोजित हुआ।



गोहाना। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झूमते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कल्चरल फेस्ट में कार्यक्रम खंड को-ऑर्डिनेटर गौरव कपूर, कथूरा खंड के बीईओ लवल किशोर, मुंडलाना खंड के बीईओ रामतीर्थ हुड्डा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य छोटे लाल, हरीश, ा जेश दुहन, अनिल गोयल, प्रवक्ता पवन मोर, अनिल वत्स, सतीश शर्मा, पूनम, काजल, रामेश्वरी, कविता, मुकेश बजाज, आशीष, मंजू, प्रवीण, इंदु, नीतू, कोमल, सुरेंद्र, शमशेर व चंदा भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जैन विद्या मंदिर में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी से डॉ. कलाम को दी श्रद्धांजलि



सोनीपत। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, सोनीपत में कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडलों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने चार अभिनव विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर डॉ. कलाम के वैज्ञानिक योगदान को याद किया और विकसित भारत के उनके सपने को साकार करने का संकल्प लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता का आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुतीकरण करते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीरू ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, जिज्ञासा, नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करते हैं। विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों ने विज्ञान मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज डायरी



### शिविर में आने वाली शिकायतों का स्कारात्मकस्थायी व समयबद्ध निराकरण करें : एसडीएम

गन्नौर। सोमवार को एसडीएम प्रवेश कादियान ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का स्कारात्मक, स्थायी व समयबद्ध निराकरण करें। अधिकारी शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दें। शिविर में प्राप्त शिकायतों में सरोज निवासी मोहल्ला प्रधानवास, गन्नौर ने विधवा पेंशन शुरू करवाने का अनुरोध किया, अशोक सैनी पूर्व पार्षद वार्ड नं 9, गन्नौर ने नगर पालिका की जमीन पर अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत दी है। इसके साथ ही प्राप्त अन्य शिकायतों में परिवार पहचान पत्र में आय व आयु संबंधी त्रुटि ठीक करने, बीपीएल कार्ड दोबारा शुरू करने की मांग, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता प्रदान करने संबंधी आदि प्राप्त हुईं। जिनके समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार, यूएचबीवीएन एसडीओ अमित डागर, सचिव नगरपालिका प्रदीप कुमार, एसडीओ सिंचाई विभाग जसमीत सिंह, एसडीई पब्लिक हेल्थ भूपेंद्र सिंह, एसईपीओ पंचायत विभाग अमित, जेई पीडब्ल्यूडी कपिल राठी, लिपिक नीरू के साथ अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर : प्राप्त हुई 15 शिकायतें



सोनीपत। लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से गांव आंवली से हैप्पी कार्ड बनवाने एवं फैमली आईडी में वार्षिक आय कम करवाने, इंदिरा कॉलोनी सोनीपत से शिकायतकर्ता ने उसकी कबाड़ी की दुकान में आग लगने से हुए नुकसान होने पर आर्थिक सहायता दिलवाने, राजीव कॉलोनी वार्ड नंबर-4 से एचएसवीपी की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, जटवाड़ा पुलिस लाइन के पीछे रेलवे ब्रिज से गोहाना बाईपास रोड की लंबे समय से खराब स्थिति को दुरुस्त करवाने, सेक्टर-14 सोनीपत से शिकायतकर्ता ने अपने प्लॉट की निशानदेही करवाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं। अन्य शिकायतों में आदर्श नगर से प्रॉपर्टी आईडी में नाम, मोबाइल नंबर ठीक करवाने, गढ़ शहजानपुर वार्ड नंबर 6 से शिकायतकर्ता ने प्रॉपर्टी आईडी में गलत नाम ठीक करवाने तथा वास्तविक मालिकों के नाम अपडेट करने की शिकायत शामिल रही। इस दौरान एसीपी अमित, डीआरओ सुशील शर्मा, तहसीलदार कीर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री घोषणाओं के विकास कार्य तय समय सीमा में पूरे करें: अजय चोपड़ा



सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार और वर्षवार विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अजय चोपड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और विभागाध्यक्ष स्वयं नियमित रूप से उनकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि ये कार्य सीधे आमजन से जुड़े हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की प्रगति समय-समय पर पोर्टल पर अपडेट करने तथा लंबित परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और मौके पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में परियोजना अधिकारी जोगेंद्र लठवाल, एक्सईएन कुलबीर, डीएसओ मनोज कुमार, बीडीपीओ राजेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में मिली पांच शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



खरखौदा। एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में खरखौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया। शिविर के दौरान गोपालपुर रोड, खरखौदा स्थित नाले की सफाई अवरुद्ध होने एवं जल निकासी बाधित होने के कारण जलभराव, दुर्घटना की आशंका तथा बीमारियों के फैलने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई। इस शिकायत को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित सचिव, नगर पालिका को भेजा गया। दूसरी शिकायत ग्राम सिसाना निवासी द्वारा बिजली लाइन में खराबी के बाद मीटर चोरी होने के संबंध में प्राप्त हुई, जिसे संबंधित एसडीओ को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। तीसरी शिकायत जमीन पर जबरन कब्जा करने, भुगतान न देने तथा रास्ता अवरुद्ध करने से संबंधित थी। चौथी शिकायत मकान निर्माण में बाधा उत्पन्न करने, गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में दर्ज की गई। वहीं पांचवीं शिकायत पड़ोसी द्वारा लगातार परेशान किए जाने से संबंधित रही। इन तीनों शिकायतों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित एसीपी को भेजा गया।

## नितिन बने हेड ब्वॉय, मानवी बनी हेड गर्ल



सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अलंकरण समारोह का आयोजन बड़े ही जोश, उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में स्कूल के हेड ब्वाय और हेड गर्ल के साथ ही विभिन्न हाउस के कप्तान व उप कप्तान का चयन भी किया गया। छात्र नितिन को स्कूल का हेड ब्वाय और छात्रा मानवी को हेड गर्ल चुना गया। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना की देखरेख में सभी छात्र-छात्राओं को अपना दायित्व पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने चयनित विद्यार्थियों को शैश पहना कर बैज लगाया। अलंकरण समारोह में स्कूल की गंगा, यमुना, कृष्णा और कावेरी हाउस के छात्र-छात्राओं ने शानदार मार्च पास्ट कर सभी को प्रभावित किया। समारोह में विद्यालय के हेड ब्वॉय नितिन और हेड गर्ल मानवी ने इन विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अध्यापक सतीश, अध्यापिका कविता, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, पारस, निशी, पिंकी, मोनिका दूहन सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### 26 लोगों ने कमाया रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 26 लोगों ने रक्तदान किया। हर सप्ताह की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि रमन गुप्ता रहे जिन्होंने तीसरी बार रक्तदान किया। मार्गदर्शन प्रमुख रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन सतीश सैनी का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में आर्मी से अंकित ने रक्तदान किया।

### यशवीर मटिंडू बने भाजपा खरखौदा मंडल सचिव

**खरखौदा।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा रिटायर्ड हेल्थ इंस्पेक्टर यशवीर मटिंडू को खरखौदा मंडल का सचिव नियुक्त किया है। स्वास्थ्य विभाग में लगभग 32 वर्ष महीने सेवाएं देने के बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सोनीपत जिला प्रभारी सतीश नांदल, विधायक पवन खरखौदा और मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर आदि ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

### खंड स्तरीय निबंध लेखन में छिछड़ाना विद्यालय अव्वल



**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिछड़ाना में सोमवार को खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्लस्टर हेड डॉ. पंकज कौशिक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बजरंग लाल शर्मा ने की। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर सत नारायण ने बताया कि प्रतियोगिताओं में शैक्षणिक खंड कथूरा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 185 छात्रों ने प्रतिभागिता की।

## शिक्षा व्यवस्था सुधारने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय सख्त

# विद्यार्थियों से भवनों तक का रिकॉर्ड होगा डिजिटल

एमआईएस पोर्टल पर 31 तक डाटा करें अपलोड

1. विद्यालय प्रबंधकों के पास चार दिन का समय शेष, अन्यथा करना होगा कार्रवाई का सामना
2. 709 राजकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को जल्द डाटा अपडेट करने के निर्देश
3. सोनीपत के कई स्कूलों में भवनों की कमी, दूसरे परिसरों में चल रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, गुणवत्ता सुधारने, अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने, विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच, छिपी प्रतिभाओं निखारने व उनमें सीखने की ललक जगाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी राजकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को विद्यार्थियों से लेकर स्कूलों की स्थिति संबंधी डाटा मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के विवरण से लेकर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल मैदान, शिक्षकों व स्कूल भवनों की स्थिति सहित अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। साथ ही नई कक्षाओं में आए पुराने व नए विद्यार्थियों का डाटा भी अपलोड करना अनिवार्य रखा है। सभी स्कूलों के प्राचार्य के पास यह कार्य पूर्ण करवाने के लिए 31 जुलाई का समय है।

*विद्यार्थियों के लिए ड्रैस कोड की सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही*




### स्कूलों की स्थिति पर विभाग की नजर

निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी प्राचार्य को पोर्टल पर डाटा जल्द अपलोड करने की हिदायत दी है। अन्यथा नियमानुसार विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। जिला शिक्षा विभाग के नेतृत्व में जिले में कुल 709 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 420 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 77 राजकीय उच्च, 75 राजकीय माध्यमिक, 135 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, एक केंद्रीय विद्यालय व एक नवोदय विद्यालय शामिल हैं। इनमें से 11 को पीएमश्री राजकीय विद्यालय व 9 को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का दर्जा दिया गया है। इन राजकीय विद्यालयों में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में सुधार ला रहे हैं। केवल सोनीपत खंड की बात करें, तो कुल 11 राजकीय उच्च विद्यालय व 24 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कथूरा ब्लॉक में भी एक प्राथमिक विद्यालय दूसरे स्कूल के भवन में चल रहा है, जबकि गढ़ी हकीकत व बसौदी स्थित माध्यमिक विद्यालयों के पास भी खुद की इमारत नहीं है। इन दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी दूसरे स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है।

### विद्यालयों को यह हैं निर्देश

- सभी विद्यालयों को विद्यार्थियों का डाटा निर्धारित तिथि से पहले एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
- जो विद्यार्थी पास होकर अगली कक्षा में पहुंचे हैं, उनके अंक व मौजूदा स्थिति पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।
- कोई विद्यार्थी स्कूल छोड़ गया है, उसका कारण बताते हुए वह कहां गया है, यह पोर्टल पर दर्शाना होगा।
- सभी राजकीय विद्यालयों में खेलों, सामान संबंधी क्या-क्या व्यवस्थाएं, मैदानों की स्थित कैसी है।
- विद्यालयों के भवन, कमरे किस अवस्था में हैं, प्रत्येक में कितने शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन कर रहे हैं।

### शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार लाने के प्रयास

विभाग शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नए शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों की तर्ज पर बनाए जाने वाले कुछ विद्यालयों में कक्षाओं के साथ प्रत्येक विषय अनुसार अलग-अलग शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। विद्यार्थियों के लिए ड्रैस कोड के साथ आईकार्ड की सुविधा भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसे कई विद्यालयों में लागू भी किया गया है।

### खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जिले के सभी राजकीय विद्यालयों को विद्यार्थियों का डाटा सहित स्कूलों की स्थिति का डाटा पोर्टल पर जल्द अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। जिन विद्यालयों में डाटा अपलोड करने में अब तक रूचि नहीं दिखाई है, वह 31 जुलाई तक इस प्रक्रिया को अवश्य पूरा करें। विद्यालय शिक्षा निर्देशालय के निर्देश को सिरे चढ़ाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र से संबंधित विद्यालयों का विवरण जल्द पोर्टल पर अपलोड करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। *-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

## अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान व कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी ऑनर्स, राजनीति विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। अंग्रेजी विभाग की छात्रा इशिता शर्मा ने बी.ए. अंग्रेजी ऑनर्स द्वितीय सेमेस्टर में विश्वविद्यालय में 13वां स्थान प्राप्त किया, जबकि नूपुर सैनी ने 8वां स्थान हासिल किया। एमए अंग्रेजी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रविता ने विश्वविद्यालय में 20वां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा दीक्षा ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में 13वां स्थान हासिल किया। वहीं कंप्यूटर साइंस विभाग की छात्रा राखी ने 14वां स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (प्रो.) उषा दहिया ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। इस उपलब्धि में डॉ. नेहा राणा, डॉ. किरण, डॉ. आरती, डॉ. रविता, सीमा, डॉ. दिव्याश्री, रीना, पूजा, सोनिया एवं अनु का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग रहा।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगवाने वाले 76 लोगों पर कार्रवाई की तैयारी

**नोटिस और चेतावनी के बाद भी नहीं लगवाई नंबर प्लेट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाने और नियमों के विपरीत नंबर प्लेट का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिक अब पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन मालिकों की पहचान की है, जिन्होंने एचएसआरपी जारी होने के बावजूद अब तक अपने वाहनों पर प्लेट नहीं लगवाई। नोटिस जारी करने और फोन के माध्यम से चेतावनी देने के बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच में 163 ऐसे वाहन मालिक सामने आए, जिन्हें प्लेट लगवाने के लिए नोटिस भेजे गए।

### चालान के साथ वाहन किए जाएंगे जब्त

*इसके साथ ही पुलिस ने उन्हें फोन कर भी जल्द एचएसआरपी लगवाने की हिदायत दी। अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए और 87 वाहन मालिकों ने निर्धारित अवधि में अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा ली। हालांकि 76 वाहन मालिक अब भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि ट्रैफिक डीसीपी को ऐसे सभी वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इनके वाहनों के चालान किए जाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर वाहन भी जब्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण का महत्वपूर्ण माध्यम है।*

## कांवड़ यात्रा के लिए लघु सचिवालय में बना बेस कंट्रोल रूम, 24 घंटे रहेगी निगरानी

**सोनीपत।** कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कमरा नंबर-110 में बेस कंट्रोल रूम स्थापित किया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि 30 जुलाई से 11 अगस्त तक बड़ी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार और गंगोत्री से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौटेंगे। इस दौरान जिले से गुजरने वाले कांवड़ियों की सुविधा, आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से यातायात, कानून एवं शांति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## ब्राह्मण दरवाजा पहुंचे एसडीएम मौके पर सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

- वार्ड 12 और 13 के लोगों ने रखीं आपत्तियां, सुझाव और समाधान की मांग

एसडीएम अमित भारद्वाज ने ब्राह्मण दरवाजा क्षेत्र का दौरा कर गली के बीच बनी पुलिया, प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय तथा माता मंदिर से संबंधित मामलों का मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 12 एवं 13 के स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी शिकायतें, सुझाव एवं आपत्तियां सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को जनहित एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गली के बीच बनाई गई पुलिया के कारण राहगीरों एवं वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि उक्त पुलिया की आवश्यकता नहीं है। साथ ही नागरिकों ने बताया कि वर्तमान



स्थान पर स्थापित माता मंदिर के कारण नाले के प्राकृतिक बहाव में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। वार्डवासियों ने प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को लेकर भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने शौचालय के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय नागरिकों ने वर्तमान लेबर चौक को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने तथा प्रस्तावित माता मंदिर को भी उपयुक्त स्थान पर स्थापित किए जाने की मांग रखी। एसडीएम ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों का कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### बैठक में परिचालकों के लिए सम्मानजनक वेतन की मांग

**गोहाना।** पिछड़ा वर्ग रोडवेज कर्मचारी महासभा की बैठक प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांचाल के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा रोडवेज के परिचालकों का पे-ग्रेड बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

राज्य प्रधान सुभाष योगी, राज्य महासचिव रामनिवास पांचाल और राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जितेंद्र सेन ने कहा कि वर्तमान में परिचालकों का पे-ग्रेड उनके समकक्ष कर्मचारियों की तुलना में काफी कम है, जबकि परिचालक टिकट वितरण के साथ-साथ कई प्रशासनिक और परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां भी निभाते हैं। ऐसे में महंगाई के दौर में उन्हें सम्मानजनक वेतन मिलना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### विधायक गहलावत ने गलियों व सड़कों का निर्माण कार्य किया शुरू



**राई।** नगर निगम के वार्ड-6 स्थित गढ़ शहजानपुर में करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से गलियों एवं सड़कों के नव निर्माण कार्य का शुभारंभ राई की विधायक कृष्णा गहलावत और नगर निगम के मेयर राजीव जैन, पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष कुलदीप नांगल का वार्ड पार्षद निशा व ग्रामीणों ने स्वागत किया। संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों और गांवों में समान रूप से विकास कार्य कर रही है। जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वार्ड-6 में गलियों और सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। विकास कार्य पूरी गुणवत्ता और तय समय सीमा में पूरे कराए जाएंगे तथा क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें। पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नंगल ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत हल्के में रिकॉर्ड तोड़ कार्य करवा रही है। इस अवसर पर ग्रामीण, भाजपा पदाधिकारी, नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक देवेंद्र कादियान ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं



**गन्नौर।** यमुना तलहटी के पीरगढ़ी गांव में करीब 15 दिन पहले मजार पर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटके मिले 32 वर्षीय युवक प्रदीप उर्फ पोपल की मौत का मामला अब फिर चर्चा में है। मृतक के परिजनों ने विधायक देवेंद्र कादियान से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई। परिजनों का आरोप है कि युवक ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसके साथ रहने वालों ने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। उनका कहना है कि युवक के गले में फंदा ढीला था, जिससे घटना पर कई सवाल खड़े होते है। सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान अपने निजी कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। शिकायत सुनने के बाद विधायक ने तुरंत संबंधित एसीपी को फोन पर बात कर मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, पब्लिक हेल्थ विभाग एसडीओ भूपेंद्र, पीडब्ल्यूडी विभाग एसडीओ अनिल चहल, बीडीपीओ राजेश टिवाना, बिजली निगम से प्रदीप कुमार, नपा जेई अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

### किशनपुरा जैन स्थानक में श्रद्धा के साथ मनाया पड़ोसी दिवस



**गन्नौर।** किशनपुरा जैन स्थानक में पड़ोसी दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम कविरत्न गुरुदेव सुनील मुनि महाराज, वीरेंद्र मुनि महाराज एवं अर्हम्यम मुनि महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। मुनिश्रियों ने प्रवचनों में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बड़ा और उदार पड़ोसी बनना चाहिए। पड़ोसियों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करें, उनके बच्चों से स्नेह रखें, पड़ोसी की बेटी को अपनी बेटी समान सम्मान दें तथा बीमारी या विपत्ति के समय उनकी सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी की निंदा या अनावश्यक हस्तक्षेप से बचें तथा यदि आपसी कहा-सुनी हो जाए तो क्षमा याचना कर संबंधों में मधुरता बनाए रखें। गौरव शेखर जैन ने बताया कि पड़ोसी दिवस का उद्देश्य समाज में प्रेम, सहयोग, विश्वास और आत्मीयता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज, व्यापार मंडल गन्नौर, पंजाबी सभा गन्नौर, दिगंबर समाज गन्नौर, ढींगरा मार्केट के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कहानी वाचन प्रतियोगिता में अर्जुन यशिका व पीहू का शानदार प्रदर्शन



**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, अभिव्यक्ति कौशल और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कहानी वाचन (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने नैतिक, प्रेरणादायक, ऐतिहासिक एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर रोचक कहानियां प्रस्तुत की। इससे पहले पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कहानी वाचन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर अध्यापिका मीनाक्षी, शीतल, अन्नु, शिल्पा, स्वाति, वंदिता सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने कहानी सुनाने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने की शिरकत, धार्मिक आयोजनों को सामाजिक समरसता का आधार बताया

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, संतों के सान्निध्य में हुआ पुष्पाभिषेक

हनुमान चालीसा भजन संध्या और भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को आयोजित धार्मिक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। आचार्य विपिन वशिष्ठ के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने शिरकत की।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में दयानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान।

### ऐसे कार्यक्रम भाईचारे व सांस्कृतिक मूल्यों को करते हैं मजबूत : दिवान

कमल दिवान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में मुरथल से स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज तथा हरिद्वार स्थित श्री जगन्नाथ धाम के पूज्य अर्णदास जी महाराज ने अपने दिव्य सान्निध्य से श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। संतों के प्रवचनों और सान्निध्य से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमित बंधु के नेतृत्व में श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुआ। इसके बाद विधि-विधान के साथ श्री हनुमान जी का भव्य पुष्पाभिषेक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे भजन गायक अभिषेक तिवारी ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए और पूरे पंडाल में जयकारों की गूंज सुनाई दी। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में आयोजकों ने संत-महात्माओं, मुख्य अतिथि, सहयोगियों एवं सभी श्रद्धालुओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।